भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

तारांकित प्रश्न सं. 350 का उत्तर

कोइलाकुंतला और पण्यम रेलवे स्टेशनों पर एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का ठहराव

***350. डॉ. बायरेड्डी शबरी:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को आन्ध्र प्रदेश के कोइलाकुंतला और पण्यम रेलवे स्टेशनों पर कतिपय एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के ठहराव के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या रेलवे ने ऐसे ठहराव प्रदान करने के लिए यात्रियों की मांग, परिचालन संबंधी व्यवहार्यता और राजस्व संभाव्यता की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोइलाकुंतला स्टेशन पर रेलगाड़ी संख्या 17261/17262 का स्थाई तौर पर ठहराव तथा रेलगाड़ी संख्या 17442/17443 का ठहराव प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) क्या पण्यम स्टेशन पर रेलगाड़ी संख्या 17251/17252 तथा 17253/17254 का ठहराव प्रदान किए जाने से संबंधित प्रस्ताव की जांच की गई है और यदि हां, तो इसका क्या परिणाम रहा है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 12.08.2026 को लोक सभा में तारांकित प्रश्न सं. 350 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): वर्तमान में, नंद्याल के निकट स्थित कोइलकुन्टला स्टेशन को 17261/17262 गुंटूर-तिरुपति एक्सप्रेस सहित 06 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है। ये सेवाएं अन्य गंतव्य स्थानों के साथ-साथ, मचिलीपट्णम, धर्मवरम, गुंटूर, तिरुपति, नंद्याल, रेणिगुंटा जैसे गंतव्य स्थानों तक संपर्कता प्रदान करती हैं। कोइलकुन्टला को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. एवं नाम
1	17215 मचिलीपट्णम-धर्मवरम एक्सप्रेस
2	17216 धर्मवरम-मचिलीपट्णम एक्सप्रेस
3	17261 गुंटूर-तिरुपति एक्सप्रेस
4	17262 तिरुपति-गुंटूर एक्सप्रेस
5	77211 नंद्याल-रेणिगुंटा डीएमयू
6	77212 रेणिगुंटा-नंद्याल डीएमयू

इसी प्रकार, वर्तमान में, पान्यम को 08 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। ये सेवाएं अन्य गंतव्य स्थानों के साथ-साथ, डोन, गुंटूर, हुबली, विजयवाड़ा, गुंतकल, नंद्याल जैसे गंतव्य स्थानों तक संपर्कता प्रदान करती हैं। पान्यम को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. एवं नाम
1	17227 डोन-गुंटूर एक्सप्रेस
2	17228 गुंटूर-डोन एक्सप्रेस
3	17329 हुबली-विजयवाड़ा एक्सप्रेस
4	17330 विजयवाड़ा-हुबली एक्सप्रेस
5	57407 गुंतकल-मार्कापुर रोड पैसेंजर
6	57408 मार्कापुर रोड-गुंतकल पैसेंजर
7	77209 कुर्नूल सिटी-नंद्याल डीएमयू
8	77210 नंद्याल-कुर्नूल सिटी डीएमयू

17441/17442 तिरुपति-चर्लपल्ली एक्सप्रेस, 17443/17444 तिरुपति-चर्लपल्ली एक्सप्रेस, 17251/17252 गुंटूर-काचीगुड़ा एक्सप्रेस तथा 17253/17254 गुंटूर-छत्रपति संभाजी नगर एक्सप्रेस को नंद्याल में निर्धारित ठहराव दिया गया है। तदनुसार, नंद्याल में निर्धारित ठहराव वाली तथा कोलकाता, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा, गुंटूर आदि जैसे महत्वपूर्ण गंतव्य स्थानों हेतु संपर्कता प्रदान करने वाली निम्नलिखित 36 रेलगाड़ी सेवाएं कोइलकुन्टला तथा पान्यम की आवश्यकताओं की भी पूर्ति करती हैं।

नंद्याल को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. एवं नाम
1	17211 मचिलीपट्णम-यशवंतपुर एक्सप्रेस
2	17212 यशवंतपुर-मचिलीपट्णम एक्सप्रेस
3	17215 मचिलीपट्णम-धर्मवरम एक्सप्रेस
4	17216 धर्मवरम-मचिलीपट्णम एक्सप्रेस
5	17225 नरसापुर-हुबली एक्सप्रेस
6	17226 हुबली-नरसापुर एक्सप्रेस
7	17227 डोन-गुंटूर एक्सप्रेस
8	17228 गुंटूर-डोन एक्सप्रेस
9	17251 गुंटूर-काचीगुड़ा एक्सप्रेस
10	17252 काचीगुड़ा-गुंटूर एक्सप्रेस
11	17253 गुंटूर-छत्रपति संभाजीनगर एक्सप्रेस
12	17254 छत्रपति संभाजीनगर-गुंटूर एक्सप्रेस
13	17261 गुंटूर-तिरुपति एक्सप्रेस
14	17262 तिरुपति-गुंटूर एक्सप्रेस
15	17329 हुबली-विजयवाड़ा एक्सप्रेस
16	17330 विजयवाड़ा-हुबली एक्सप्रेस
17	17441 तिरुपति-चर्लपल्ली एक्सप्रेस
18	17442 चर्लपल्ली-तिरुपति एक्सप्रेस
19	17443 तिरुपति-चर्लपल्ली एक्सप्रेस

20	17444 चर्लपल्ली-तिरुपति एक्सप्रेस
21	18047 शालीमार-वास्को-द-गामा एक्सप्रेस
22	18048 वास्को-द-गामा-शालीमार एक्सप्रेस
23	18063 सांतरागाछी-यलहंका एक्सप्रेस
24	18064 यलहंका-सांतरागाछी एक्सप्रेस
25	18463 भुवनेश्वर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस
26	18464 केएसआर बेंगलुरु-भुवनेश्वर एक्सप्रेस
27	22831 हावड़ा-यशवंतपुर एक्सप्रेस
28	22832 यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस
29	22883 पुरी-यशवंतपुर गरीब रथ एक्सप्रेस
30	22884 यशवंतपुर-पुरी गरीब रथ एक्सप्रेस
31	57407 गुंतकल-मार्कापुर रोड पैसेंजर
32	57408 मार्कापुर रोड-गुंतकल पैसेंजर
33	77209 कुर्नूल सिटी-नंद्याल डीएमयू
34	77210 नंद्याल-कुर्नूल सिटी डीएमयू
35	77211 नंद्याल-रेणिगुंटा डीएमयू
36	77212 रेणिगुंटा-नंद्याल डीएमयू

रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव हेतु संसद सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर अन्य बातों के साथ-साथ, औपचारिक तथा अनौपचारिक, दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। ऐसे प्रस्तावों/अनुरोधों/सुझावों की प्राप्ति एक सतत तथा गतिशील प्रक्रिया है। इनकी जांच की जाती है तथा व्यवहार्य एवं औचित्यपूर्ण पाए जाने पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, जो एक सतत प्रक्रिया है।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर ठहरावों का प्रावधान परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, यातायात औचित्य आदि के अध्यधीन, सतत प्रक्रिया है।

*****